# आकाशवाणी शिमला

## 06.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**अम्बेडकर**

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की पुण्य तिथि आज महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला स्थित राजभवन में एक कार्यक्रम में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आम्बेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की मज़बूत नींव रखी जो आने वाली पीढ़ियों का निरंतर मार्गदर्शन करती रहेगी।

**पुण्य तिथि**

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को न केवल देश बल्कि विदेशों में भी बेहद सम्मान के साथ याद किया जाता है।

इस बीच राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आम्बेडकर का पूरा जीवन सामाजिक उत्थान, समानता, श्रमिक कल्याण और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा जो आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

**गृह रक्षा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि अग्निशमन विभाग में महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा और इसके लिए भर्ती नियमों में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। वे आज शिमला के समीप सरघीण में प्रदेश गृह रक्षा व नागरिक सुरक्षा के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही होमगार्ड की भी भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गृह रक्षा व नागरिक सुरक्षा विभाग को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने विभाग के कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की सुरक्षा और निर्माण में उनका उल्लेखनीय है योगदान है। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे।

**सर्वोच्च न्यायालय**

सर्वोच्च न्यायालय ने आश्वासन दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए.आई. के इस्तेमाल के मामले में न्यायाधीश अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसी तकनीक कभी भी न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली पीठ न्यायिक प्रणाली में ए.आई. और मशीन लर्निंग के नियमन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका तकनीक को लेकर बेहद सतर्क है। उन्होंने कहा कि ए.आई. को न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होने दिया जाएगा।

**सम्मेलन**

राज्य सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में मण्डी में 11 दिसंबर को जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज मण्डी में इस सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से सरकार के आगामी दो वर्षों के कार्यकाल का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश को आत्मनिर्भर और सबसे समृद्ध राज्य बनाने के दृष्टिगत आगामी रूप रेखा भी प्रस्तुत की जाएगी।

**धर्माणी**

नगर व ग्रामीण नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में सतत विकास के लक्ष्य के साथ–साथ सुनियोजित शहरीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वे आज कांगड़ा जिले में ज्वालामुखी के भाट्टी में हिमुडा कॉलोनी के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। इस हिमुडा कॉलोनी में आधुनिक सुविधाओं से लैस एक सौ 30 प्लॉट तैयार किए गए हैं। धर्माणी ने कहा कि हिमुडा लोगों को किफायती और बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रहा है।

**गोविंद ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि बीते तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था का पतन किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में सरकार ने प्रदेश को भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र और कुशासन की ओर धकेला है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व सरकार केंद्र सरकार पर सहयोग न मिलने का आरोप लगा रही है जबकि सच्चाई ये है कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया है कि प्रदेश को बीते तीन वर्षों में केंद्र से करीब 35 हजार करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं और योजनाओं के लिए बजट जारी नहीं किया जा रहा है।

---